हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 54 | देहरादून, शनिवार, 13 अगस्त, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



देहरादून रोड के बीचोबीच शराब बनाते दिखे व्यक्ति पर डीजीपी ने दिए जांच के 3

# आज देश के अंदर राष्ट्र भक्ति का भाव जागृत हुआ : मुख्यमंत्री





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शहीद स्थल खटीमा पहुंचकर आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में शहीद हुए राज्य आंदोलनकारियों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने देश की आजादी तथा देश व देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों, स्वतंत्रा सेनानियों को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के महोत्सव के तहत देशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश के अंदर राष्ट्र भक्ति का भाव जागृत हुआ है, यह समय जहां हमारे लिए आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का है, वहीं आने वाले 25 साल अमृतकाल होगा। उसके लिए भी हमें संकल्पबद्ध होना है। उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी अमृतकाल में देश के नए सोपानों को तय करेगी। समृद्ध, समर्थ व शक्तिशाली भारत के रूप में जिसकी कल्पना कर रहे थे, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इसको आगे बढ़ाने का काम किया है। देश व राज्य के चहुंमुखी विकास हेतु हम सब संकल्प लें।

इस अवसर पर मंडी समिति अध्यक्ष नन्दन सिंह खड़ायत, जिला महामंत्री अमित पांडे, रमेश जोशी, दान सिंह, गौरव सोनकर, संतोष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, हरीश जोशी, भगत सिंह बोरा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी उपस्थित थे।

## पेपर लीक मामले में एक और अपर निजी सचिव पकड़ा एसटीएफ अब तक 16 को कर चुकी गिरफ्तार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

यूकेएसएसएससी में पेपर लीक मामले में जैसे-जैसे कड़ी दर कड़ी से जुड़ती गई, वैसे ही गिरफ्तारियों का सिलसिला बढ़ता गया। मामले में शुक्रवार को एक और गिरफ्तारी की गई। अब तक एसटीएफ 16 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

शुक्रवार को एसटीएफ ने सचिवालय में नियुक्त हाल अपर निजी सचिव, सूर्य प्रताप निवासी ग्राम निवाड़ मंडी जसपुर जनपद उधम सिंह नगर को गिरफ्तार किया। न्याय विभाग को पुख्ता साक्ष्य मिलने पर मामले में संलिप्त होने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

कुछ दिन पूर्व मुख्य आरोपी आउटसोर्स कंपनी आरएमएस सॉल्यूशन के डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक वर्मा को भी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) के पेपर लीक मामले में एसटीएफ लखनऊ के प्रिंटिंग प्रेस के डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक वर्मा को तीन दिन की रिमांड पर लेकर लखनऊ रवाना हुईथी। मामले में एसटीएफ अभिषेक से और अधिक जानकारी जुटाई।

24 जुलाई को यूकेएसएसएससी में पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद मामले में जैसे जैसे कड़ी दर कड़ी से जुड़ती गई, वैसे ही गिरफ्तारियों का सिलसिला बढ़ता गया। अब तक एसटीएफ 16 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी आउटसोर्स कंपनी आरएमएस सॉल्यूशन के डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक वर्मा को भी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था।

वर्मा की जिम्मेदारी पेपर छपने के बाद सील करने की थी, लेकिन उसने तीनों पालियों के एक-एक सेट को टेलीग्राम एप से अपने साथियों को भेज दिया था। इस काम के उसे 36 लाख रुपये मिले थे। गिरफ्तार अभिषेक वर्मा की एसटीएफ ने न्यायिक रिमांड मांगी थी, जिसको स्वीकार करते हुए तीन दिन की न्यायिक रिमांड मिली थी।

## यूटीयू में इसी सत्र से नई शिक्षा नीति के अनुरूप होगी पढ़ाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी प्रौद्योगिकी उत्तराखंड विश्वविद्यालय में नए शिक्षा सत्र से स्नातक व स्नातकोत्तर में नई शिक्षा नीति के अनुरूप पढ़ाई होगी। नया शिक्षा सत्र एक सितंबर 2022 से शुरू हो रहा है। प्रारंभ में प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में नया पाठ्यक्रम लागू होगा। अगले वर्ष से आगे की कक्षाओं में भी नए पाठ्यक्रम के तहत पढ़ाई होगी।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने शुक्रवार को सुद्धोवाला स्थित विवि परिसर में पत्रकारों से बातचीत में विश्वविद्यालय की ओर से लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बतौर कुलपति बीती 22 जुलाई को विवि का कार्यभार संभाला।

पहले दिन से ही नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप यूटीयू का पाठ्यक्रम तैयार करने वाली समितियों की समीक्षा की गई।

नए पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए बोर्ड आफ स्टडीज का गठन किया गया है, जो पाठ्यक्रम के पुनरीक्षण के कार्य को अंतिम रूप दे रही है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का एक परिसर उत्तरकाशी जिले में डुंडा ब्लाक के बौन में स्थापित होगा। इसका निर्माण कार्य चल रहा है। इस मौके पर विवि के कुलसचिव आरपी गुप्ता भी मौजूद रहे।

## कारतूस तस्करी के आरोप में गिरफ्तार दून के गन हाउस का मालिक, नेगी की क्राइम कुंडली खोलेगी राज

15 अगस्त से पहले दिल्ली में भारी मात्रा में कारतूस मिलने और इसमें दून स्थित रायल आर्म्स के संचालक के भी शामिल होने से हड़कंप मच गया है। हालांकि, अभी तक दिल्ली पुलिस ने दून पुलिस से कोई संपर्क नहीं किया, लेकिन स्थानीय पुलिस ने रायल आर्म्स के संचालक परीक्षित नेगी के ठिकानों की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार थाना पुलिस ने कारतूसों की तस्करी के आरोप में दून के रायल आर्म्स का मालिक परीक्षित नेगी, उसके दो साथियों और जौनपुर के एक बदमाश के तीन साथियों को आनंद विहार बस अड्डे से गिरफ्तार किया। उनके पास से 2,251 कारतूस बरामद किए, जो आठ तरह के लाइसेंसी हथियारों के हैं। यूपी के मेरठ जेल में बंद बदमाश अनिल व जौनपुर के एक गैंगस्टर के इशारे पर ये कारतूस देहरादून के रायल गन हाउस से पांच लाख रुपये में खरीदे गए थे। रायल आर्म्स के मालिक की गिरफ्तारी से दून पुलिस में भी हड़कंप मच गया। एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने अभी तक संपर्क नहीं किया है, लेकिन दून के शख्स की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है।

# ड्राइविंग आती है तो शुरू करें ये साइड बिज़नेस, 60 हजार की कमाई हर महीना




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आपको अगर गाड़ी चलानी आती है और आपके पास थोड़ा फ्री टाइम भी है तो शुरू करें यह साइड बिज़नेस, 60 हजार हर महीने आप कमा सकते हैं आपको बता दें कि लाखों लोग गाड़ी चलाना सीखना चाहते हैं, लेकिन कार या शिक्षक नहीं होने के कारण वे गाड़ी चलाना नहीं सीख पा रहे हैं। मोटर ड्राइविंग स्कूल में छात्रों को कार चलाना सिखाया जाता है, यदि आप लोगों को कार चलाना सिखाने का व्यवसाय खोलते हैं, तो आप इसमें अधिक पैसा कमा सकते हैं। आइए अब इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

**मोटर ड्राइविंग स्कूल व्यवसाय कैसे शुरू करें:**

इसे खोलने के लिए आपके पास पर्याप्त जगह होनी चाहिएकार ड्राइविंग स्कूल खोलने के लिए आपके पास बहुत सारी कारें होनी चाहिएआपका कार ड्राइविंग स्कूल मुख्य सड़क के पास होना चाहिएआप आसानी से वहां गाड़ी चलाना सीख सकते हैं




**मोटर ड्राइविंग स्कूल व्यवसाय शुरू करने में क्या लगता है?**

इसे शुरू करने के लिए आपके पास बहुत सारा पैसा होना चाहिएकार ड्राइविंग स्कूल खोलने के लिए आपको ढेर सारी कारें खरीदनी होंगीइन कारों को खरीदने में आपको अच्छी रकम का निवेश करना होगा।साथ ही आपको कार सिखाने के लिए एक ड्राइवर किराए पर लेना होगाइसके साथ ही आपको कार में डीजल या तेल भी डालना होगा।

# पढाई के लिए गोलगप्पे बेचती है ये लड़की



न्यूज़ वायरस नेटवर्क


हमारे देश में शिक्षा को लेकर तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं. इसमें बेसिक शिक्षा तो गरीब बच्चों को भी मुफ्त में मिल जाती है, लेकिन जब बाद हायर एजुकेशन की आती है, तो कई ऐसे छात्र-छात्राएं हैं, जो चाहकर भी इसे हासिल नहीं कर पाते. शिक्षा के महंगे होने की वजह से तमाम छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं लेकिन कुछ इतने ज़िद्दी होते हैं कि अपना रास्ता तलाश ही लेते हैं. एक ऐसी ही ज़िद्दी लड़की से हम आपको मिलवाने जा रहे हैं.

शिक्षा कुछ खुशनसीब लोगों को आसानी से शिक्षा मिल जाती है, वहीं कुछ लोगों को पैसों के अभाव में शिक्षा पाने के लिए ज़द्दोज़हद करनी पड़ती है. हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक मन की पक्की लड़की को देखा जा सकता है. वो सड़क किनारे एक लड़की गोलगप्पे बेच रही है ताकि वो उसकी पढ़ाई पूरी हो सके.

सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में देखा जा सकता है कि एक लड़की सड़क के किनारे गोलगप्पे का ठेला लगाकर बेच रही है. इस लड़की के पास कई कस्टमर मौजूद हैं. अभी तक आपने लड़कों को चाट-गोलगप्पे बेचते देखा होगा, लेकिन ये लड़की भी ऐसा कर रही है. लड़की वीडियो में अपनी पूरी कहानी बता रही है, जिससे ये समझ में आता है कि वो इस काम को अपनी पढ़ाई के लिए पैसे जुटाने के मकसद से कर रही है. उसकी बातें सुनकर आप भी भावुक हो जाएंगे और प्रार्थना करेंगे कि उसे हर काम में तरक्की मिले.



# इस सेटिंग से एक दम बेहतरीन चलेगा, आपका नेट






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

क्या आप भी अपने नेट से परेशान है? क्या आपके फोन में 4G नेट होने पर भी नेट ठीक से काम नहीं कर रहा है? ऐसा इसलिए है क्योंकि नेटवर्क बहुत कमजोर होने के कारण इंटरनेट काम करना बंद कर देता है। आपको बता दें कि यह समस्या अक्सर स्मार्टफोन में देखने को मिलती है। अगर आपके स्मार्टफोन में भी यह समस्या है तो आज हम आपको इसे ठीक करने का तरीका बताने जा रहे हैं जिससे आप अपने स्मार्टफोन में इंटरनेट की स्पीड बहुत तेज कर सकते हैं और वीडियो देखने से लेकर डाउनलोडिंग स्पीड तक सब कुछ बहुत तेज किया जा सकता है।

**सिम स्लॉट 1 क्यों फायदेमंद है**

ज्यादातर लोग इसे मजाक समझते हैं कि किसी भी सिम स्लॉट में सिम कार्ड डालने से कुछ नहीं होता है, लेकिन ऐसा नहीं है अगर आप इंटरनेट का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो आपको अपना सिम कार्ड सिम स्लॉट एक में लगाना चाहिए। इस सिम स्लॉट को लगाने पर आपके स्मार्टफोन में इंटरनेट बहुत तेजी से चलता है और कॉलिंग भी आसानी से हो जाती है। अगर आपको इसके बारे में नहीं पता था तो आप भी यह तरीका आजमा सकते हैं। अगर आप अपना सिम कार्ड सिम स्लॉट 2 में रखते हैं तो आपको इसे अभी बदल देना चाहिए और सिम स्लॉट एक में इसका इस्तेमाल करना चाहिए। आपको कुछ ही घंटों में फर्क दिखना शुरू हो जाएगा।

कई बार ऐसा होता है कि जब आप सिम कार्ड को सही स्लॉट में डालते हैं, तो उसकी स्थिति थोड़ी शिफ्ट हो जाती है, ऐसे में सिम कार्ड ठीक से नहीं पढ़ा जाता है, और अगर आप एक अच्छा इंटरनेट कनेक्शन चाहते हैं तो इंटरनेट की समस्या बनी रहती है। यदि ऐसा है, तो आपको इसकी स्थिति का विशेष ध्यान रखना चाहिए और इसकी जांच करनी चाहिए और इसे लागू करना चाहिए ताकि इसकी स्थिति ठीक से बनी रहे।

# देहरादून रोड के बीचोबीच शराब बनाते दिखे व्यक्ति पर डीजीपी ने दिए जांच के आदेश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने एक वायरल वीडियो के बाद एक जांच के आदेश दिए हैं, जिसमें कथित तौर पर एक व्यस्त देहरादून सड़क पर एक इंस्टाग्राम ₹रील्स₹ में शराब का सेवन करते हुए दिखाया गया है, जिससे पहाड़ियों में व्यापक गुस्सा और निंदा हुई, सैकड़ों लोगों ने मांग की कि ₹बाहरी लोगों को अनुमति नहीं दी जाए।


28 जुलाई को, हरियाणा निवासी बॉबी कटारिया ने अपने सत्यापित इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगभग 6.3 लाख फॉलोअर्स के साथ एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें उन्हें एक सड़क के बीच एक कुर्सी पर बैठकर शराब पीते देखा जा सकता है। कटारिया के सहयोगी द्वारा शूट किया गया वीडियो, एक बैकग्राउंड सॉन्ग के साथ अपलोड किया गया है, जिसमें लिखा है, 'सड़कें अपने बाप की है'।


बुधवार को घटना की जांच के आदेश देते हुए डीजीपी कुमार ने कहा, "वीडियो में दिख रहा शख्स सड़क जाम कर रहा है और सार्वजनिक रूप से शराब पी रहा है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य और अवैध है। वायरल वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

जांच में शामिल एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹हम जल्द ही कटारिया को गिरफ्तार करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।₹ सोशल मीडिया पर उत्तराखंड के निवासियों ने इस कृत्य की निंदा की। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा, ₹दूसरे शहरों से आने वाले लोग पहाड़ी राज्य की संस्कृति को बर्बाद कर रहे हैं।



# एसएसपी दलीप सिंह फिर दिखे एक्शन में बड़े पैमाने पर किए तबादले, देखिये लिस्ट





न्यूज़ वायरस नेटवर्क



जब से उत्तराखंड में नए एसएसपी ने कमांड ली है तबसे आए दिन हरकत में दिखाई दे रहे है एसएसपी दलीप सिंह, इस बार बड़े पैमाने पर हुए तबादले को लेकर चर्चे पर है, बता दे देहरादून एसएसपी दलीप सिंह कुमार ने जिले में तैनात 29 निरीक्षकों और निरीक्षकों के बंपर ट्रांसफर के आदेश जारी किए हैं। एसएसपी के आदेश के अनुसार 16 उप निरीक्षकों को वर्तमान पद से हटाकर नये स्थान पर पदस्थापन किया गया है. जबकि नए थाना कोतवाली की जिम्मेदारी 13 निरीक्षकों को दी गई है। उन्हें तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

पटेलनगर, कैंट,नेहरु कॉलोनी, मसूरी, विकासनगर, डोईवाला सहित सात थानों के इंचार्ज बदले गए हैं। इंस्पेक्टर सूर्यभूषण नेगी कोतवाली पटेलनगर के प्रभारी बनाए गए हैं। इसके अलावा पांच चौकी इंचार्ज बदले गए हैं।

एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुचारु बनाने के लिए जिले में तैनात 29 निरीक्षकों और 13 निरीक्षकों को स्थानांतरित कर दिया है. साथ ही एसएसपी का तबादला करते हुए उन्हें तत्काल नवनियुक्त स्थान पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं. पुलिस लाइन से वर्तमान पदस्थापना उपनिरीक्षक बलदेव सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना रायपुर तथा उपनिरीक्षक विनय शर्मा को वर्तमान पदस्थापना कोतवाली मसूरी को पदस्थापना पद प्रभारी करणपुर का पदभार दिया गया है।

निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट को थाना प्रभारी छावनी से कार्यमुक्त कर नई पदस्थापना, प्रभारी निरीक्षक विकासनगर कोतवाली एवं निरीक्षक मनोज मनवाल प्रभारी निरीक्षक डोईवाला कोतवाली को नया पदस्थापना प्रभारी वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय को सौंपा गया है. . इंस्पेक्टर दिग्पाल सिंह कोहली को डीसीसी पुलिस कार्यालय के प्रभार से मुक्त कर मसूरी कोतवाल प्रभारी की

# इस बैंक का लाइसेंस हुआ रद्द, अगर इस बैंक में पैसा है तो निकाल नहीं पाएंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






भारतीय रिजर्व बैंक ने एक और बैंक पर शख्त कार्रवाई की है। केन्द्रीय बैंक ने अब पुणे स्थित रुपया को-ऑपरेटिव बैंक (का लाइसेंस कैंसिल कर दिया है। यह आदेश आज से छह सप्ताह के बाद यानी 22 सितंबर 2022 प्रभावी होगा।

आरबीआई ने आज बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक 12 सितंबर 2017 को मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुणे स्थित इस सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि रुपया सह की वित्तीय स्थिति -ऑपरेटिव बैंक की हालत खराब हो गई है और बैंक अपने जमाकर्ताओं को पैसा वापस करने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में बैंक को अब से 6 हफ्ते बाद अपना कारोबार बंद करना होगा। आरबीआई ने कहा कि अगर रुपया सहकारी बैंक को अपना बैंकिंग कारोबार चलाने की इजाजत दी जाती तो इसका जनता पर बुरा असर पड़ता।

आरबीआई ने कहा कि बैंक आज से छह हफ्ते बाद अपना कारोबार करना बंद कर देगा। आरबीआई ने कहा कि बैंक को 'बैंकिंग' कारोबार से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इसलिए ग्राहक न तो पैसे जमा कर पाएंगे और न ही निकाल पाएंगे। रिजर्व बैंक ने कहा कि रुपया सहकारी बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया गया है क्योंकि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की क्षमता नहीं है। यह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 11(1) और धारा 22(3)(डी) और साथ ही धारा 56 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करता है। बैंक धारा 22(3) की आवश्यकताओं का अनुपालन करने में विफल रहा है। (ए), 22(3)(बी), 22(3)(सी), 22(3)(डी) और 22(3)(ई) । आरबीआई ने आगे कहा, डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अधीन, प्रत्येक जमाकर्ता ₹ 5,00,000 (पांच लाख रुपये) तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

# इस स्वतंत्रता दिवस पर आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए आपको कितने पैसे की आवश्यकता होगी ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




वित्तीय आजादी एक ऐसा शब्द है जिसका प्रयोग ज्यादातर लोग शिथिल रूप से करते हैं। लेकिन अपने वास्तविक अर्थ में, इसके मूल में इसका एक बहुत ही सरल अर्थ है - यह एक ऐसे चरण तक पहुंचने के बारे में है जहां आपके पास अपने शेष जीवन के लिए अपने खर्चों को फिर से काम करने की आवश्यकता के बिना पूरा करने के लिए पर्याप्त धन है। एक ऐसा चरण जहां आपने आज तक जो कुछ भी जमा किया है वह बढ़ती आय उत्पन्न करना शुरू कर देगा जो आपके बाकी दिनों के लिए पर्याप्त होगा।

यही सच्ची वित्तीय आजादी है, हालांकि इसका अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग अर्थ हो सकता है। महिलाओं के लिए, इसका मतलब यह हो सकता है कि वे अपने वित्त को अपने तरीके से संभालने में सक्षम हों। किसी युवा के लिए, इसका मतलब नौकरी छोड़ने और कुछ समय के लिए यात्रा करने के लिए पर्याप्त धन होना हो सकता है। लेकिन अपने सही अर्थों में, वित्तीय आजादी का अर्थ है पर्याप्त धन होना कि फिर कभी धन के लिए काम न करना पड़े। लेकिन याद रखें कि वित्तीय स्वतंत्रता और जल्दी सेवानिवृत्ति दो अलग-अलग चीजें हैं। वित्तीय स्वतंत्रता का अर्थ है जल्दी रिटायर होने का विकल्प रखने के लिए पर्याप्त धन होना। जबकि जल्दी सेवानिवृत्ति 'पर्याप्त' धन के साथ सेवानिवृत्त होने के बारे में है।

आपके पास पैसे बचाने के लिए 20 साल हैं जो आपके जीवन के शेष 35 वर्षों के लिए पर्याप्त होंगे। हाँ, यह आपके वित्तीय जीवन का समीकरण है। 6 प्रतिशत मुद्रास्फीति, 7 प्रतिशत सेवानिवृत्ति के बाद रिटर्न, और संचय के दौरान 60-40 प्रतिशत इक्विटी-ऋण पोर्टफोलियो जैसे चरों को मानते हुए, आपको यह कहने के लिए कि आप आर्थिक रूप से मुक्त हैं, आपको 50 पर करीब 6 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। लेकिन क्या वाकई 6 करोड़ रुपये काफी होंगे?

- आपको अपने बच्चों के भविष्य (शिक्षा और शादी) के लिए अलग से बचत करने की आवश्यकता है।
- जब तक आप किराए पर रहने की योजना नहीं बनाते हैं, इस आंकड़े में घर खरीदने की लागत पर विचार नहीं किया जाता है।
- यह आंकड़ा नियमित वार्षिक खर्च मानता है। लेकिन कुछ खर्च हर कुछ वर्षों में एक बार होते हैं, जैसे कार बदलना और घर की मरम्मत और रखरखाव, इसलिए वे अलग हैं।
- अनपेक्षित और अनियोजित खर्चों के लिए एक बफर रखना भी एक अच्छा विचार है, जिनका बीमा नहीं किया गया है। एक स्वास्थ्य आकस्मिकता कोष की तरह जो बाद के वर्षों में काम आ सकता है।कभी आपने सोचा है की वित्तीय आजादी के लिए आपको कितने पैसो की जरूरत पड़ेगी।

# राशन डिपो पर भारी पड़ा 20 रुपये का झंडा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हाल ही में एक खबर सामने आई और हर जगह इसकी चर्चा हो रही है. खबर ऐसी थी कि राशन डिपो में राशन लेने के लिए लोगों को 20 रुपये का झंडा खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है. यह खबर हरियाणा के करनाल जिले की थी, जहां अधिकारियों ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कथित तौर पर लोगों को राशन के साथ राष्ट्रीय ध्वज खरीदने के लिए मजबूर किया और राशन की पूर्व शर्त के रूप में तिरंगा खरीदने के लिए कहा। एक राशन डिपो धारक का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

विस्तृत करने के लिए, करनाल जिले के हेमदा गांव में एक पीडीएस की दुकान पर, लोगों को कथित तौर पर 20 रुपये के तिरंगे झंडे खरीदने के लिए मजबूर किया गया, अन्यथा उन्हें राशन नहीं मिलेगा। करनाल के उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही उनका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।




यादव ने कहा, "हम 20 रुपये में खरीदने के इच्छुक लोगों को पीडीएस की दुकानों के माध्यम से तिरंगा दे रहे हैं। हमें पता चला कि एक डिपो धारक ने राशन लाभार्थियों को जबरन झंडे खरीदे। प्रशासन ने उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की और उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।₹ ,उन्होंने आगे कहा कि जनता की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने राशन डिपो धारकों को झंडे उपलब्ध कराए हैं और जो इच्छुक हैं वह 20 रुपये में खरीद सकते हैं.

₹आज़ादी का अमृत महोत्सव' के तहत, हम करनाल जिले में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम मना रहे हैं। इसके तहत, जिला प्रशासन ने 600 से अधिक राशन डिपो धारकों को झंडे प्रदान किए हैं। इच्छा के अनुसार, कोई भी झंडा ले सकता है।

'हर घर तिरंगा' आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 75 वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान है।

# 2022 के जांच में श्रेष्ठता दिखाने वाले पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हर साल की तरह इस साल भी 2022 में केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा जांच में उत्कृष्टता के लिए पदक प्रदान किया गया। ये पदक पुलिस और जांच एजेंसियों से जुड़े 151 अधिकारियों को प्रदान किए गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इनके नामों की घोषणा की। हर साल की तरह इस साल भी 2022 की जांच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री मेडल से नवाजा गया.

इन पुरस्कारों को प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों में सीबीआई, दिल्ली पुलिस, एनआईए और विभिन्न राज्यों के पुलिसकर्मी शामिल हैं। जांच एजेंसी में सीबीआई के 15, महाराष्ट्र पुलिस के 11, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पुलिस के 10-10, केरल, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पुलिस के आठ-आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं। दिल्ली पुलिस के 6 पुलिसकर्मियों को भी यह मेडल दिया गया। बाकी पुलिसकर्मी दूसरे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हैं।

इसके अलावा जांच एजेंसी एनआईए और एनसीबी के 5-5 अधिकारी शामिल हैं। खास बात यह है कि इस बार केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित पुलिसकर्मियों में 28 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. यह पुरस्कार हर साल जांच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को दिया जाता है।



# उत्तराखंड की बारिश ने किया 50 ट्रक और यात्री वाहन के नाक में दम.....

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड की बारिश पहले ही लोगों को परेशान कर चुकी है, ऐसे में सेब और अन्य यात्री वाहनों से भरे करीब 50 ट्रक हाईवे बंद होने से रास्ते में फंस गए हैं. सड़क पर भारी मात्रा में मलबा और पत्थर होने के कारण वाहनों की आवाजाही संभव नहीं है। लोक निर्माण विभाग चकराता ने बारिश के मलबे से बंद हाईवे को खोलने के लिए जेसीबी और कंप्रेशर्स लगाए हैं. इसके अलावा बारिश के मलबे के कारण इलाके की अन्य संपर्क सड़कें भी बंद हैं, इन्हें खोलने का प्रयास किया जा रहा है. देहरादून-उत्तरकाशी और हिमाचल के शिमला-सिरमौर जिले को जोड़ने वाला तुनी-पुरोला राजमार्ग देहरादून जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के कारण दो दिनों के लिए बंद है। भारी बारिश के कारण हनोल से खुनीगढ़ के बीच हाईवे पर पहाड़ों में दरार के कारण यातायात का आवागमन ठप हो गया है।



बुधवार की रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण सीमावर्ती इलाकों में नालों के उफान से हाईवे समेत अन्य संपर्क मार्ग बंद हो गए. कई जगह पहाड़ टूट जाने से पेयजल लाइनें टूट गईं। बरवाला-हरिपुर के बीच हाईटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के पांच सौ गांवों में बिजली व्यवस्था बाधित है. भूस्खलन के कारण फसलों सहित कई किसानों की कृषि भूमि नष्ट हो गई। उन्होंने आपदा से प्रभावित स्थानीय ग्रामीणों की निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को हुए भारी नुकसान के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है. देहरादून-उत्तरकाशी जिले के अलावा हिमाचल के शिमला-सिरमौर जिले को जोड़ने वाले तुनी-पुरोला हाईवे, मसूरी-चकराता-तुनी एनएच और जेपीआरआर हाईवे पर मलबा आने से यातायात प्रभावित है।

भारी बारिश के कारण जौनसार के चार बिजलीघरों को ढकरानी से जा रही 33 केवीए हाईटेंशन लाइन कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई. हरिपुर और बरवाला के बीच हाईटेंशन लाइन के दो पोल और पांच सौ मीटर लंबा तार यमुना नदी के तेज बहाव से टूट गया, सहिया, चकराता, सावड़ा और तुनी के चारों बिजली स्टेशनों की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी. करीब पांच सौ जुड़े गांवों में बिजली नहीं है। आपदा से क्षतिग्रस्त हुई हाईटेंशन लाइन की मरम्मत के लिए गुरुवार सुबह ऊर्जा निगम की टीम के साथ हरिपुर पहुंचे चकराता-डाकपाथर संभाग के अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में निगम कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से. बड़ी मुश्किल से लाइन को ठीक किया गया।

इसके अलावा तुनी-काठियां, हनोल-बुलडा, चतरा-हनोल, राड़ू-मुंधोल, सैंज-अटल, दरागड-दंगुथा-काठियां, सिलीखड-जबराद-कुनैन, अटल-मिनस-क्वानू, रायगी-तुनी-कुल्हा सहित कई मार्ग हैं। , पहाड़ पार करो। से अवरुद्ध। संबंधित विभाग ने सड़क खोलने के लिए प्रभावित क्षेत्र में जेसीबी लगा दी है।

# शीघ्र दूर होंगी गोल्डन कार्ड से संबंधित खामियां : डॉ0 धन सिंह रावत

आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आयुष्मान योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही गोल्डन कार्ड की सुविधाओं में आ रही कुछ समास्याओं को शीघ्र दूर कर लिया जायेगा। जिसके लिये एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर दिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक की अध्यक्षता में गठित छह सदस्यीय समिति गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को लेकर अन्य राज्यों का अध्ययन कर एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आयुष्मान योजना की समीक्षा कर गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा के बाद आवश्यक निर्देश दिये। डॉ0 रावत ने बताया कि गोल्डन कार्डधारकों को उपचार के दौरान आ रही व्यवहारिक दिक्कतों के समाधान एवं योजना के अंतर्गत और अधिक सुविधाएं देने के लिये एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर दिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक की अध्यक्षता में गठित छह सदस्यीय समिति में विभाग की ओर तीन तथा राज्य कर्मचारी संगठनों की ओर से दो सदस्यों को शामिल किया जायेगा। समिति गोल्डन कार्ड की विसंगतियों एवं अन्य राज्यों में एसजीएचएस के अंतर्गत दी जा रही सुविधाओं का अध्ययन कर एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। डॉ0 रावत ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर राजकीय पेंशनर्स को गोल्डन कार्ड योजना में शामिल होने या न होने के लिये दोनों विकल्प उपलब्ध करा दिये गये हैं, अब उनकी इच्छा पर निर्भर है कि वह गोल्डन कार्ड योजना में शामिल होना चाहते हैं या फिर नहीं।



समीक्षा बैठक में प्राधिकरण के सीईओ एवं अपर सचिव स्वास्थ्य अरूणेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत अभी तक तीस हजार से अधिक कार्मिकों एवं पेंशनर्स का उपचार किया जा चुका है। जिस पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण विभिन्न अस्पतालों को लगभग 78 करोड़ का भुगतान कर चुका है। जिसमें सर्वाधिक 16282 लाभार्थियों ने जनरल मेडिसिन, 3653 ने नेत्र चिकित्सा, 2484 जनरल सर्जरी, 2078 ऑन्कलॉजी, 1055 कार्डियोलॉजी, 885 ने यूरोलॉजी, 866 ने ऑर्थोपेडिक तथा 819 महिला कार्मिकों ने स्त्री एवं प्रसूति रोगों का उपचार लिया। इसके अलावा गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत कुल 16844 लाभार्थियों के ओपीडी बिलों का 24 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार 26508 लाभार्थियों के आईपीडी बिलों का 60 करोड़ से अधिक का भुगतान हो चुका है।




बैठक में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के चेयरमैन डी.के. कोटिया, सचिव स्वास्थ्य राधिका झा, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा आशीष श्रीवास्तव, महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ0 शैलजा भट्ट, अपर सचिव स्वास्थ्य एवं सीईओ राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण अरूणेन्द्र सिंह चौहान, अपर सचिव स्वास्थ्य अमनदीप कौर, अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ0 मीतू शाह, संयुक्त निदेशक डॉ0 आर0पी0 खंडूडी, वित्त नियंत्रक खजान चन्द्र पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित होंगी IPS डॉ. विशाखा अशोक भदाणे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड पुलिस के लिए ये गौरव और हौसला बढ़ाने  वाली खबर है। प्रदेश की बेहद क़ाबिल आईपीएस डॉ. विशाखा अशोक भदाणे को उनकी बेहतरीन कार्यशैली और कामयाब कार्यवाही के लिए देश सम्मानित करेगा।  आपको बता दें कि आईपीएस डॉ. विशाखा ने हरिद्वार के ऋषिकुल मौहल्ले में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का न सिर्फ खुलासा कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया था , बल्कि अभियुक्त को उसके इस कृत्य के लिए मृत्युदंड की सजा भी दिलायी।

20 दिसम्बर 2020 को हरिद्वार के ऋषिकुल मौहल्ले में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। इस जघन्य प्रकरण की विवेचना कर रही सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर हरिद्वार के पद पर तैनात डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने इस अभियोग से संबंधित मुख्य अभियुक्त रामतीर्थ को उसी दिन तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और अभियुक्त के घर की दूसरी मंजिल से लापता बच्ची का शव बरामद किया। पूछताछ में उसके द्वारा कबूल किया गया कि उसने राजीव के साथ मिलकर ऋषिता के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर शव को दूसरी मंजिल पर छिपाकर रख दिया था।

मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में डॉक्टरों के पैनलों द्वारा कराया गया तथा मृतका के विभिन्न नमूने एकत्र किए गए और राम तीरथ की चिकित्सा के दौरान नमूने एकत्र कर फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में भेजे गए। इस आपराधिक घटना के अभियुक्त आरोपी राजीव कुमार की सहायता करने में उसके भाई, गंभीर चंद उर्फ गौरव को भादवी में धारा 212 के तहत गिरफ्तार किया गया और अभियुक्त को सुलतानपुर उ0प्र0 से गिरफ्तार गया गया। अभियुक्त की चिकित्सा जांच कर उसके नमूने एकत्र कर जांच हेतु एफएसएल भेजे गये।

डॉ. विशाखा अशोक भदाणे द्वारा एकत्र किये गये साक्ष्यों एवं समय पर प्रस्तुत किये गये गवाहों के अधार पर माननीय न्यायालय के विशेष न्यायाधीश, पोक्सो जिला हरिद्वार ने आरोपी रामतीरथ को पोक्सो एक्ट के तहत मृत्युदंड एवं अर्थदंड से दंडित किया तथा अभियुक्त राजीव कुमार को साक्ष्य छिपाने के मामले में 05 वर्ष की सजा एवं अर्थदंड से दण्डित किया गया।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ. विशाखा अशोक भदाणे को उत्कृष्ट विवेचना किये जाने के लिए ''अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक'' से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गयी है। डीजीपी अशोक कुमार ने डॉ. विशाखा अशोक भदाणे को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## स्पीकर ऋतु खंडूडी भूषण ने कोटद्वार में तिरंगा अभियान से जगाया जोश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हर घर तिरंगा अभियान के तहत उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने आज कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर घर घर में जाकर तिरंगा झंडा लहराया। साथ ही लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव मनाते हुए अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष आज हाथ पर तिरंगा लेकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची जहां पर समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों के आवास पर पहुंचकर उन्होंने तिरंगा लगाया। विधानसभा अध्यक्ष कुंभीचौड, मीट मार्केट, वाल्मीकि बस्ती, शिवपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों, स्वतंत्रता सेनानियों पूर्व सैनिक एवं शहीद सैनिकों के घर पर पहुंच कर तिरंगा लगाया। इस दौरान भारत माता के जयकारे के साथ लोगों को तिरंगा फहराने का आव्हान किया। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष शहीद मनदीप सिंह रावत के घर पर भी पहुंची जहां पर उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनके परिजनों से बातचीत की। वाल्मीकि बस्ती में पहुंचने पर वाल्मीकि समाज द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ विधानसभा अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। दौरान उन्होंने उन लोगों की समस्याओं को भी सुना एवं समस्या के निदान का आश्वासन भी दिया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने 13 अगस्त शनिवार को कोटद्वार में आयोजित होने वाली तिरंगा रैली में अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग करने के लिए भी अपील की।



## परेड ग्राउंड में डीएम सोनिका ने तैयारियों का लिया जायज़ा



महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जिलाधिकारी सोनिका ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड मैदान पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर सीटिंग व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, मोबाईल टॉयलेट, पार्किंग आदि व्यवस्थाओं के सम्बंध अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होनें संबंधित नोडल अधिकारियों को सोंपे गए दायित्वों को समय से पूर्ण करने तथा मुख्य कार्यक्रम 15 अगस्त वाले दिन सभी कार्यक्रम स्थल पर अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंट पर रहते हुए व्यवस्थाओं का संपादन करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, अपर जिलाधिकारी डॉ एस के बरनवाल व के के मिश्रा, एसडीएम सदर नरेश चंद्र दुर्गापाल, अपर नगर मजिस्ट्रेट मायादत्त जोशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

परेड मैदान पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु जनमानस के लिए लिंक https://dehradun.nic.in वा http://e-inmdehradun/registration_public.php पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।



## संपादकीय

# बिहार में बदलाव और राष्ट्रीय राजनीति

बिहार के राजनीति में हुए ताजा बदलाव से दो बातें फिर रेखांकित हुई हैं. पहली बात यह कि राजनीति में कोई चिर मित्र या शत्रु नहीं होता. साल 2020 के विधानसभा चुनाव में आमने-सामने रहे जद (यू) और राजद अब सत्ता में साझेदार बन गये हैं. इसी तरह 2015 के चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने वाले भाजपा और जद (यू) 2017 में दोस्त बन गये थे. दूसरी बात यह है कि आज की भारतीय राजनीति में विचारधारा की मामूली भूमिका रह गयी है. ऐसी स्थिति में आम मतदाता भ्रम में हैं कि नीतीश कुमार अपनी विचारधारा पर तब सही थे, जब वे भाजपा के साथ थे या फिर अब जब उन्होंने राजद के साथ गठबंधन किया है. बहरहाल, अभी जो सवाल उठ रहे हैं, वे इस प्रकार हैं- क्या नया गठबंधन टिक पायेगा? क्या नीतीश कुमार को इस गठबंधन के नेतृत्व का नैतिक अधिकार है, जबकि उन्हें भाजपा-जद (यू) गठबंधन के लिए जनादेश मिला था? बिहार और देश की राजनीति पर इस बदलाव का क्या असर पड़ेगा? बिहार के ताजा प्रकरण से निश्चित ही राज्य में सामाजिक और राजनीतिक ताकतों का समीकरण बदलेगा. अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और विभिन्न वंचित समूहों को लामबंद करने के जद (यू) और राजद के इरादे से बिहार में मंडल राजनीति 2.0 का माहौल बनने के आसार है, जबकि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए उच्च जातियों में जनाधार बढ़ाने के साथ दलित और ओबीसी मतदाताओं, विशेषकर निचले तबके, में पहुंच बनाने का प्रयास करेगी. बीते कुछ वर्षों में भाजपा राज्य में नीतीश कुमार और केंद्र में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सहारे ओबीसी के निचले तबके और दलितों में पैठ बनाने में कामयाब रही है, पर अब नये गठबंधन से इस मोर्चे पर उसे चुनौती मिलेगी. हाल में प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम समुदाय के वंचित समूह, जिन्हें पसमांदा मुस्लिम कहा जाता है, से निवेदन किया था, लेकिन बिहार में इसका कोई असर नहीं होगा. भले ही इस गठबंधन में कांग्रेस कनिष्ठ सहयोगी है, पर सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा होने से पार्टी कार्यकर्ताओं को न केवल बिहार में, बल्कि अन्य राज्यों में भी संजीवनी मिलेगी और उनका उत्साह बढ़ेगा. लोक जनशक्ति पार्टी और अन्य छोटी पार्टियों के पास किसी एक गठबंधन के साथ जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा. कम-से-कम 2024 तक राज्य की राजनीति पूरी तरह दो ध्रुवीय प्रतियोगिता- भाजपा के पक्ष और विपक्ष में- बनी रहेगी. भाजपा को भले ही सीटों का नुकसान हो जाए, पर लंबी अवधि में जनाधार बढ़ने के रूप में उसे लाभ होगा. भाजपा अब नया नेतृत्व भी विकसित कर सकती है, जो अब तक नीतीश कुमार की लोकप्रियता के साये में रही है, जो एक बाधा रही है. सरकार बदलने से जद (यू) को भी नया जीवन मिलेगा, जो स्पष्ट रूप से कुछ वर्षों से ढलान पर दिख रही थी और उसके वोट घट रहे थे. हालांकि पहले भी पार्टी का कोई बहुत मजबूत जनाधार नहीं था, पर हाल के वर्षों में उसमें कमी आयी है. नीतीश कुमार बिहार के बहुत लोकप्रिय नेता रहे हैं, पर उसमें भी कमी आ रही है. सहयोगी बदलने से भी उनकी छवि में सेंध लग सकती है. बिहार में राजनीतिक शक्तियों के नये समीकरण से लोकसभा चुनाव से पहले की राष्ट्रीय राजनीति पर असर पड़ने की संभावना है. जद (यू), राजद और कांग्रेस का साथ आना दूसरे राज्यों के क्षेत्रीय दलों के लिए एक संकेत है कि अगर वे मोदी-शाह जोड़ी के विजय रथ को सचमुच रोकना चाहते हैं, तो उन्हें एकजुट होना होगा. हाल में महाराष्ट्र में सरकार बदलने और क्षेत्रीय पार्टियों के खत्म होते जाने एवं भारतीय राजनीति में केवल भाजपा के बचे रहने के भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान ने क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं को चौकन्ना कर दिया है. विपक्षी नेताओं के विरुद्ध केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल ने भी उन्हें आगाह कर दिया है. इसका मतलब यह है कि बिहार का प्रयोग क्षेत्रीय दलों को फिर एक साथ आने के लिए प्रेरित कर सकता है, पर बड़ा सवाल यह है कि यह सब केवल कागज पर ही संभव दिखता है. क्या विपक्षी पार्टियां अपने मतभेदों को भुलाकर नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होंगी?

# डीएम हरिद्वार विनय शंकर पांडेय का अवैध निर्माणों के खिलाफ़ मिशन हथौड़ा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण श्री विनय शंकर पाण्डेय के आदेशों के क्रम में हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार कई अवैध सम्पत्तियों को सील करने, अवैध निर्माण को ढहाने तथा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी है। उसी सिलसिले में शुक्रवार को भी अवैध निर्माणों/कालोनियों को सील करने की कार्रवाई की गयी। सचिव हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण श्री उत्तम सिंह चौहान ने बताया कि श्री अनुज कुमार द्वारा टोल प्लाजा के सामने एन0एच0 58 मुख्य मार्ग, बहादराबाद हरिद्वार में की गई अनधिकृत कालोनी को सील किया गया तथा श्री नितिन चौहान पुत्र श्री अनिल कुमार चौहान (उर्फ मांगेराम) द्वारा सलेमपुर मेहदूद-2, बृहमपुरी रावली महदूद ज्वालापुर हरिद्वार में विकसित की गई अनधिकृत कालोनी को अधिशासी अभियन्ता श्री माधवानन्द जोशी, सहायक अभियंता श्री पंकज पाठक, अवर अभियन्ता श्री त्रिपन सिंह पंवार व स्टाफ की टीम द्वारा सील करने की कार्रवाई की गयी। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष एचआरडीए ने कहा है कि भविष्य में जो भी अवैध प्लाटिंग/अवैध निर्माण आदि में लिप्त पाये जायेगे, उनके खिलाफ इसी तरह नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।





# जहरीला कोल्ड ड्रिंक जिसने डुबा दिया पूरा परिवार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



रुड़की, हरिद्वार के एक व्यक्ति ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति के कारण अपनी पत्नी और दो बच्चों को जहरीला कोल्ड ड्रिंक पीकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि जहरीली शराब पीने से युवक और उसके एक बच्चे की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि जहरीली कोल्ड ड्रिंक पीकर आत्महत्या करने वाला शख्स नशे में था। नशे की लत के चलते वह कर्ज में डूब गया था। कर्ज चुकाने से उसका सारा पैसा खत्म हो गया। उन्हें अपनी मोटरसाइकिल भी बेचनी पड़ी।

कलियार शरीफ थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने कहा कि व्यक्ति ने अपने परिवार के साथ घर के पास एक पार्क में जहरीली कोल्ड ड्रिंक पी। उसने पहले अपने परिवार वालों को जहरीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई और फिर खुद पिया। पुलिस ने बताया कि युवक ने कोल्ड ड्रिंक में जहर कैसे मिलाया और जहर कहां से मिला इसका अभी पता नहीं चल पाया है।


परिवार के सभी सदस्यों को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। परिवार के सभी सदस्यों की हालत नाजुक बनी हुई है। एम्स में इलाज के दौरान जहरीला कोल्ड ड्रिंक पीने वाले एक शख्स और उसके एक बच्चे की मौत हो गई. परिवार के बाकी दो लोगों का फिलहाल एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम युगल किशोर पन्त की अभिनव पहल ई-सामाधान चौपाल हुई कामयाब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जन समस्याओं के निस्तारण के लिए उधमसिंह नगर के जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जिला कार्यालय के एनआईसी सभागार से ई-सामाधन चौपाल की शानदार शुरुआत की है। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्या के आसानी से समाधान के लिए ई-समाधान चौपाल कार्यक्रम की पहल की गई है, जिससे ग्रामीणों के साथ साथ प्रशान का भी समय व पैसा दोनों की बचत होगी और सरकार जनता के द्वार की परिकल्पना आसानी से साकार होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि ई-चौपाल के माध्यम से हम अधिकाधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंचे व लोगों की तकलीफें दूर कर उन्हें राहत प्रदान करें। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह 4 से 7 गांव की सुनवाई का लक्ष्य रखा गया है ताकि वर्ष में जनपद के सभी गांव कवर हो जायें। गांवों को संवाद हेतु ई-कनेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन गूगल मीट, जूम मीटिंग से जोड़ा जायेगा।

पहली ई-सामाधान चौपाल में जनपद के दूरस्थ ब्लॉक जसपुर के ग्राम सूरजपुर तथा खटीमा ब्लॉक के ग्राम मझौला की जनता की समस्याएं सुनी गई। जिसमें फरियादियों द्वारा जसपुर ब्लॉक से 30 समस्याओं एवं शिकायतों के सापेक्ष 17 तथा खटीमा ब्लॉक से 25 समस्याएं एवं शिकायतों के सापेक्ष 17 समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया है, उन समस्याओं का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी 15 दिन के भीतर करना सुनिश्चित करें और की गई कार्यवाही से सम्बन्धित आवेदन एवं शिकायतकर्ताओं को भी अवगत कराया जाये। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद की समस्त सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों पर शिकायत निवारण सम्बन्धित अधिकारियों के नाम व दूरभाष नम्बर प्रदर्शित करें ताकि जनता समस्या होने पर समस्या निस्तारण हेतु उच्चाधिकारियों से तुरन्त सम्पर्क कर सकें।







ई-समाधान चौपाल में जिला कार्यालय से मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी डॉ.ललित नारायण मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, जिला पंचायतीराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह आदि शामिल थे, जबकि सम्बन्धित ग्रामों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारियों के साथ ही शिकायत एवं आवेदनकर्ता जुड़े रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपने बयान को किया स्पष्ट

## कहा, किसी को तिरंगा लगाने में क्या परेशानी हो सकती है

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि उन्होंने आह्वान किया था कि जो तिरंगा नहीं लगाएगा, उसका समाज विश्वास नहीं करेगा। होना यह चाहिए कि हर घर में तिरंगा दिखाई दे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने भाजपा कार्यकर्त्ताओं से कहा था कि वे अपने घर के सबसे छोटे सदस्य से तिरंगा लगवाएं। साथ ही उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से तिरंगे के साथ फोटो खींचकर भेजने को कहा था। उन्होंने कहा कि वैसे भी यह स्वाभाविक है, किसी को स्वतंत्रता दिवस के दौरान तिरंगा लगाने में क्या परेशानी हो सकती है।



शुक्रवार को देहरादून प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है। फिर चाहे कांग्रेस हो या अन्य दल, सभी को तिरंगा लगाना चाहिए।

पहले जम्मू-कश्मीर के लालचौक पर भाजपा नेता डा मुरली मनोहर जोशी को गिरफ्तार किया गया। भाजपा नेता उमा भारती को कर्नाटक में गिरफ्तार किया गया।

तत्कालीन भाजयुमो अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को कश्मीर में गिरफ्तार किया गया।

देखा जाए तो तिरंगा लगाने वालों को गिरफ्तार करने का काम कांग्रेस ने किया।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष 15 अगस्त व 26 जनवरी को संघ कार्यालय में तिरंगा ध्वज फहराया जाता है। भगवा ध्वज को संघ ने गुरू माना है और विद्यालय में जाने वाले छात्र गुरू को प्रतिदिन सम्मान देते हैं। संघ ने ध्वज को अपना गुरू माना है और इस गुरू के शिष्य उसे प्रतिदिन प्रणाम करते हैं।

हर घर तिरंगा अभियान के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के कार्यक्रम तय हो गए हैं। वह शनिवार को ऋषिकेश, देहरादून, चिन्यालीसौड़ व उत्तरकाशी में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि 14 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष धनोल्टी, टिहरी व नरेंद्र नगर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम का समन्वयक प्रदेश मंत्री पुष्कर काला को बनाया गया है। उत्तरकाशी में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इन यात्राओं को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारी व मोर्चा अध्यक्षों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# पिथौरागढ़ जीआइसी में पढ़ने वाली नेपाल की दो छात्राएं काली नदी में बहीं



झूलाघाट (पिथौरागढ़)। जिले के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज झूलाघाट में हाईस्कूल और जूनियर कक्षाओं में पढ़ने वाली नेपाल की दो छात्राएं काली नदी में बह गईं। दोपहर को घटी इस घटना की सूचना सायं छह बजे बाद मिल सकी। अभी तक दोनों को कोई पता नहीं चल सका है।

शुक्रवार को कविता टम्टा 15 वर्ष और संगीता टम्टा 12 वर्ष निवासी दशरथ चंद नगरपालिका वार्ड नं 8 सांगड़ी , जिला बैतड़ी दिन में लगभग दो बजे के आसपास नेपाल की तरफ अपनी एक तीसरी सहेली के साथ नहाने के लिए काली नदी किनारे गई। भारत से लगे नेपाल के मौरा नामक स्थान पर काली नदी में नहाते समय दोनों तेज बहाव की चपेट में आकर बह गई।

दो सहेलियों के बहने की घटना से तीसरी लड़की बदहवासी की हालत में थी। साथ में परिजनों के भय से घर लौटने के बाद भी उसने किसी से घटना बारे में नहीं बताया। इससे बचाव व राहत कार्य में भी देरी हुई। जब देर शाम को भी दो लड़कियां घर नहीं पहुंची तो दोनों लड़कियों के परिजनों ने घर वापस आई लड़की से पूछा तब जाकर उसने बताया कि दोनों नहाते समय काली नदी में बह गई हैं। स्वजनों ने इसकी सूचना नेपाल के जुल्लाघाट प्रहरी थाने में दी।

प्रहरी थाना के प्रभारी योगेश पाल ने झूलाघाट भारत के पुलिस थाने और एसएसबी को घटना के बारे में जानकारी देते हुए भारत की तरफ तो देखने का अनुरोध किया। शाम से ही नेपाल प्रहरी के योगेश पाल और नेपाल सशस्त्र बल के निरीक्षक छविराम दरनाती अपनी टीम के साथ काली नदी किनारे खोजबीन में जुटे हैं। यह जानकारी बैतड़ी नेपाल के जिला प्रहरी प्रवक्ता निरीक्षक लोकराज जोशी ने दी।